# सतर्क रहें ! शराब की होम डिलीवरी के नाम पर हो रही ऑनलाइन ठगी, कहीं आप भी न हो जाएं शिकार

अनुराग गुप्ता

मई 13,2020  12:53



*शराब की दुकानों में भीड़ देख ठगी करने वालों ने ऑनलाइन बुकिंग का झांसा देने के लिए नकली ऑनलाइन सेल साइट्स की शुरूआत की। ये लोग ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी करने लगे। इस तरह से लगभग 25 साइट्स काम कर रही हैं।*

नयी दिल्ली। देशव्यापी लॉकडाउन के बीच यह तो साफ हो ही गया कि शराब का कारोबार सरकारों के लिए आय का स्त्रोत है लेकिन ठगी करने वालों के लिए भी यह कमाई का साधन बन गया है। लगभग डेढ़ महीने के बंद के बाद सरकार ने लॉकडाउन 3.0 के साथ ही शराब के ठेके खोलने की इजाजत दे दी। जिसके बाद शराब की दुकानों के बाद लंबी-लंबी कतारें लगने लगी और इसी का फायदा ठगी करने वालों ने उठाया।

शराब की दुकानों में भीड़ देख ठगी करने वालों ने ऑनलाइन बुकिंग का झांसा देने के लिए नकली ऑनलाइन सेल साइट्स की शुरूआत की। ये लोग ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर ठगी करने लगे। इस तरह से लगभग 25 साइट्स काम कर रही हैं। जिसकी जानकारी दिल्ली सरकार के एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो को मिली थी। एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो ने जब शुरुआत जांच की तो यह मामला सही साबित हुआ।

जिसके बाद एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को दिल्ली-एनसीआर में चल रहे इस सिंडिकेट का पर्दाफाश करने को कहा। बता दें कि क्राइम ब्रांच ने आईपीसी की धारा 419, 420, 120 बी और दिल्ली एक्साइज एक्ट 41 के तहत मामला दर्ज करने के बाद जांच भी शुरू कर दी है।

**शराब की डिलीवरी के नाम पर हो रही ठगी**

एक्साइज इंटेलिजेंस ब्यूरो के एसीपी आलोक कुमार ने क्राइम ब्रांच को भेजी शिकायत में लिखा कि कई साइबर अपराधी शराब की होम डिलीवरी के नाम पर ठगी कर रहे हैं और इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा भी लिया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताहिक फेसबुक और व्हाट्सएप पर कई फेक ग्रुप्स चल रहे हैं। जहां पर शराब की होम डिलीवरी किए जाने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा कई लोग नकली साइट्स के दम ये काला कारोबार कर रहे हैं।

इतना ही नहीं शराब की होम डिलीवरी के लिए ठग करने वालों ने मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं और तो और ये लोग पेटीएम के जरिए पैसे लेकर लोगों को चूना लगा रहे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक जब इस मामले की जांच हुई तो पता चला कि दिल्ली-एनसीआर के कई लोग इस फर्जीवाड़े का शिकार हो चुके हैं। यहां तक कि एक शख्स ने शराब की होम डिलीवरी के लिए 5 हजार रुपए से लेकर 10 हजार रुपए तक अदा किया था। इस ठग गिरोह का भंडा फोड़ने के लिए क्राइम ब्रांच मोबाइल नंबर, अकाउंट डिटेल्स और वेबसाउट को खंगाल रही है।

Source: https://www.prabhasakshi.com/national/online-fraud-in-the-name-of-home-delivery-of-alcohol